Air Liquide

# आचार संहिता



# भूमिका



*« हमारी आचार संहिता हमारा मार्गदर्शन करने और हमें यह दिखाने के लिए है कि सही व्यवहार हमारी महत्वाकांक्षा के अनुरूप हैं। »*

प्रिय सहकर्मी,

हम अपने उद्योग में अग्रणी बनने, लंबे समय तक प्रदर्शन करने, दुनिया में अधिक दीर्घकालिक योगदान देने तथा हम जो कुछ भी करते हैं उसमें उचित व्यवहार करने की महत्त्वाकांक्षा को साँझा करते हैं।

उन सभी देशों में, जहाँ हम काम करते हैं तथा सभी गतिविधियों में हम अपने काम के सिद्धान्तों पर अड़िग हैं। सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता को एक दूसरे, हमारे हितधारकों और हमारे पर्यावरण का सम्मान करते हुए कानून के अनुपालन में हमारे व्यवहार और कार्यों को प्रेरित करना चाहिए।

कभी-कभी हम जटिल या चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करते हैं। आचार संहिता हमारे व्यवसाय और हमारे संगठन का समर्थन और सुरक्षा करती है; यह हमारा मार्गदर्शन करने और हमें यह दिखाने के लिए है कि सही व्यवहार हमारे लक्ष्यों में कैसे योगदान देता है।

कृपया इस नियमावली को ध्यान से पढ़ें और जितनी बार आवश्यक हो, इसका संदर्भ देखएं। निंसंकोच प्रश्न करें और जब आपकी कोई आशंका हो, तो सलाह लेने में संकोच ना करें ।

सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता हमारे नैतिक सिद्धांतों के दो स्तंभ हैं। सभी हितधारकों के बीच दीर्घावधि में विश्वास पैदा करने और बनाए रखने के लिए दोनों आवश्यक हैं। मैं आप पर भरोसा करता हूं कि आप हमारे सिद्धांतों को जीकर और दूसरों को आंतरिक और बाहरी रूप से हर समय नैतिक और जिम्मेदारी से व्यवहार करने के लिए प्रेरित करके एक सकारात्मक उदाहरण स्थापित करें।

**फ़्राँस्वा जैकोवी**

*मुख्य कार्यकारी अधिकारी*

# भूमिका

*« हमारी गतिविधियों में दीर्घकालिक तथा लाभदायक विकास पाने के लिए आचार शास्त्र एवं अनुपालन आवश्यक है। »*



हमारी गतिविधियों में दीर्घकालिक तथा लाभदायक विकास पाने के लिए आचार शास्त्र एवं अनुपालन आवश्यक है। जहाँ हम काम करते हैं, उन देशों के क़ानूनों के अनुपालन के अतिरिक्त हम सांस्कृतिक अखंडता और पारदर्शिता को बढ़ावा देते हैं। सुरक्षित और स्वस्थ्य कार्यस्थली, मानव अधिकार का सम्मान, पर्यावरण का संरक्षण तथा भ्रष्टाचार के विरूदध लड़ाई आदि इन सिद्धांतों के नतीजे हैं।

ये अद्यतन नियमावली 2007 में प्रकाशित नियमावली की परिकल्पना को तथा 2009 में प्रकाशित भ्रष्टाचार विरोधी नियमावली के बदल देंगे। नवीनतम नियामक सुधार और बेहतरीन कार्यप्रणाली एवं हमारी ज़ोखिम मानचित्रण को ध्यान में रखते हुए ये संपन्न तथा उपभोक्ता मैत्रीपूर्ण दस्तावेज़ प्रदान करता है।

ये नियमावली उन नैतिक नियमों की और अपेक्षित आचरण की व्याख्या करती है, जिसका हम सबको पालन करना चाहिए। ये उदाहरण एवं वास्तविक जीवन की स्थितियाँ भी प्रदान करती हैं। इन नियमों को समझना, उनहें साँझा करना और उनका अनुपालन करना आवश्यक है। कभी-कभी नैतिक मसले जटिल होते हैं। अपनी चिंता अपने तक मत रखिए, बोलिए और सहायता की माँग कीजिए। आपके प्रबंधक, स्थानीय नैतिकता संवाददाता, विधि खाता आपकी सहायता के लिए उपलब्ध हैं।

अखंडता एवं पारदर्शिता से काम करने के लिए आपका धन्यवाद।

**इमैन्युअल लारडुक्स,**

*ग्रुप नैतिकता और व्यापार अनुपालन निदेशक*
*ग्रुप नीतिशास्त्र अधिकारी।*

# एअर लिक्वीड (Air Liquide) नैतिकता एवं अनुपालन संगठन

**1. कूटनीतिक नैतिकता एवं अनुपालन कार्यक्रम के कूटनीतिक निर्णय और निरीक्षण**

- निदेशक मंडल
- लेखा परिक्षण समिति
- पर्यावरण और सामाजिक समिति
- मुख्य कार्यपालन अधिकारी
- कार्यपालन समिति

**2. नैतिकता एवं अनुपालन कार्यक्रम का प्रारूप तथा निगराणी**

- ग्रुप नैतिकता एवं अनुपालन समिति (नियंत्रण एवं अनुपालन, विधि, मानव संसाधन, दीर्घकालीक विकास)
- व्ही.पी. ग्रुप नियंत्रण तथा अनुपालन
- ग्रुप नैतिकता अधिकारी

**3. नैतिकता एवं अनुपालन कार्यक्रम की कार्यान्विति और आगे की कार्रवाही।**

- संचालन तथा संचालन सहायता
- वैश्विक और कंपनी कार्य
- विधि तथा मानव संसाधन सहायता के साथ नैतिकता संवाददाता

**4. नैतिकता एवं अनुपालन कार्यक्रम का नियंत्रण तथा मूल्यांकन**

- आंतरिक नियंत्रण
- आंतरिक लेखा परीक्षण
- व्हिसलब्लोइंग प्रणाली

नैतिकता के नियमों का अनुपालन करना यह हर एक का दायित्व है।

# नियमावली का प्रयोजन तथा नियमावली से अपेक्षाएं

आचार संहिता के नियम एअर लिक्वीड एस.ए. (Air Liquide S.A.) की मूल कंपनी तथा उसकी नियंत्रित कंपनी के सभी कर्मचारियों, अधिकारियों और संचालकों को लागू होते हैं। ये आचार संहिता एअर लिक्वीड (Air Liquide)अनुपालन कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसमें ज़ोखिम मानचित्रण, नियमित प्रशिक्षण और अतिरिक्त संबंधित पद्धतियाँ शामिल हैं। इस आचार संहिता के सिद्धांतों का पालन सभी को करना चाहिए, चाहे उनका पद कुछ भी हो।

एअर लिक्वीड (Air Liquide) हमारे मूल्यों को साँझा करनेवाले व्यावसायिक भागीदार के साथ काम करने के लिए उच्च नैतिक मापदंड तथा लक्ष्य को बढ़ावा देती है। एअर लिक्वीड (Air Liquide) सभी व्यावसायिक भागीदारों (ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं, वितरकों, सलाहकारों) आदि से इस आचार संहिता के साथ ही जब आपूर्तिकर्तों की आचार संहिता लागू होगी, तब उनका भी पालन करने की अपेक्षा करती है। एअर लिक्वीड (Air Liquide) में «अधिक सख्त नियम दृष्टिकोण» का पालन किया जाना चाहिए। इसका अर्थ यह है की, जब स्थानीय नियम एअर लिक्वीड (Air Liquide) के आचार संहिता से अधिक सख्त हो, तब स्थानीय अधिनियम का कार्यान्वयन करना होगा।

जब आचार संहिता की शर्तें स्थानीय नियमों से अधिक सख्त हो, तब आचार संहिता लागू होनी चाहिए। यद्यपि, यदि आचार संहिता और स्थानीय नियमों के बीच कोई अपूरणीय अंतर हो, तो स्थानीय नियम ग्रुप आचार संहिता पर प्रबल होंगे।

# आचार संहिता का अनुपालन

सभी कर्मचारी, वार्षिक अनिवार्य नैतिक प्रशिक्षण के भाग के रूप में आचार संहिता के नियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

आचार संहिता की आवश्यकताओं का उल्लंघन करनेवाला कोई भी व्यक्ति आंतरिक नियमों के अनुपालन में और संभावित रुप से वैधानिक कार्यवाही के लिए अनुशासनात्मक कार्यवाही (पदच्युति तक या सहित) के अधीन होगा।

कोई भी प्रतिबंध लागू करने से पहले, इकाई के प्रबंधक को विधि विभाग, मानव संसाधन विभाग एवं नैतिकता संवाददाता अधिकारी से परामर्श करना चाहिए और उन्हें अनुशासनात्मक उपायों के बारे में सूचित करना चाहिए।

# सारांश



1 सावधानी से काम करना ........ पी. 10

2 अखंडता तथा पारदर्शिता से काम करना ........ पी. 24

3 जिम्मेदरी से आचरण ........ पी. 44

4 व्यवहार में लाना ........ पी. 52


'सारांश' पर लौटने के लिए «Home» बटन दबाएें ।



# 1

# सावधानी से काम करना

**रक्षा और सुरक्षा** ........ पी. 12

**समानता, विविधता और उत्पीड़न का प्रतिबंध** ........ पी. 14

**संपत्ति की सुरक्षा** ........ पी. 16
*(शारीरिक संपत्ति तथा बौद्धिक संपत्ति)*

**गोपनीयता** ........ पी. 18

**डेटा की गोपनीयता** ........ पी. 20

**बाह्य संपर्क और सोशल मीडिया** ........ पी. 22

# रक्षा और सुरक्षा

हमारे सारे कर्मचारियों और भागीदारों को काम करने के लिए सकुशल एवं सुरक्षित वातवरण की सुनिश्चिति एअर लिक्वीड (Air Liquide) की प्राथमिकता है। क्योंकी, यह लोगों का, उनके स्वास्थ्य एवं जीवन से संबंधित विषय है इसलिए 'शून्य दुर्घटना' हमारे ग्रुप की महत्त्वाकांक्षा है।

## मुझे क्या जानने की आवश्यकता है?

- हर कर्मचारी का सकुशल और सुरक्षित कर्मस्थली वातावरण में काम करना अधिकार हैं।
- एअर लिक्वीड (Air Liquide) संबंधित क्षेत्रों के लिए हमारे ग्रुप ने रक्षा (औद्योगिक जोखिमों की रोकथाम) एवं सुरक्षा (दुर्भावनापूर्ण घटनाओं से संबंधित जोखिमों की रोकथाम) नीतियों, मानकों और प्रक्रियाओं को विकसित किया है, जो कर्मचारियों, उप-ठेकेदारों तथा सेवा प्रदाताओं पर लागू होते हैं.
- किसी तीसरे पक्ष की कार्यस्थली पर काम करते समय एक कर्मचारी को तीसरे पक्ष के सावधानी और सुरक्षा नियमों के बारें में पता होना चाहिए और उनका पालन करना चाहिए।
- एअर लिक्वीड (Air Liquide) अपने उत्पादों एवं सेवाओं की सुरक्षा तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करता है और उत्तरदायित्वपूर्वक उनका प्रचार करता है।

## मुझसे क्या करना अपेक्षित हैं?

- मैं एअर लिक्वीड (Air Liquide) से संबंधित सभी क़ानूनों, नियमों और नीतियों का पालन करता/करती हूँ, जो सावधानी और सुरक्षित काम करने की स्थितियाँ सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई हैं।
- मैं सुरक्षा प्रशिक्षण में हिस्सा लेती/ लेता हूँ और गंभीर घटनाओं (आग, हमला आदि) में लागू सभी आपातकालीन प्रक्रियाओं का पालन करती/करता हूँ।
- मैं, प्लांट या एचएसई (स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण) प्रबंधक को सभी संभावित खतरों, असुरक्षित कृतियाँ तथा रचना एवं रक्षा या सुरक्षा से संबंधित घटनाए तुरंत सूचित करती/करता हूँ।

### आगे जाना चाहते है?

अपने प्रबंधक, प्लांट या एच.एस.ई. प्रबंधक मानव संसाधन प्रबंधक से संपर्क करें या ग्रुप सुरक्षा इंट्रानेट और सुरक्षा इंट्रानेट को देखें।


# व्यवहार में

## ऐसी स्थिति में...



आपके दौरे के दौरान आप देखते हैं आवर्ती पूर्जे का यांत्रिकी हिस्सा बदला नहीं गया है। यंत्र चल रहा है, कुछ या कोई पकड़ में आने की संभावना है। फिर भी उपकरण को रोके बिना और उपभोक्ता कमी की ज़ोखिम पैदा किए बिना स्थिति को ठीक करना जटिल है।

## आपको क्या करना चाहिए?



**सुरक्षितता प्राथमिकता है।**

जैसे कि सुरक्षितता, प्रथमिकता होने के कारण आपको तत्काल ज़ोखिम की सूचना देने के निशान लगाने होंगे । फिर अपने प्रबंधक को सूचित करें, जिससे क्षेत्र को सुरक्षित करने के कदम उठाए जाऐंगे।

अर्थात् यदि आवश्यक है, तो कवच को बनाने के लिए उपकरण की रोकथाम, उपकरण के आसपास दूसरे घेरे को रखना, क्षेत्र में आवागमन पर मर्यादाएँ आदि।

## असुरक्षित स्थितियों के उदाहरण

- गैर-निर्दिष्ट क्षेत्रों में धूम्रपान - जैसे कि, एक ज्वलनशील (हाइड्रोजन, एसिटिलीन, तेल, आदि...) उत्पादों का भंडारण या निकास (वेंटिंग) के पास धूम्रपान करना असुरक्षित हैं.
- व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पी.पी.ई) को परिधान न करना। ये गंभीर चोटें, बीमारियाँ यहाँ तक की मृत्यु का कारण हो सकती है।
- सुरक्षा नियमों का पालन न करना, विशेषतः संवेदनशील देश में सफर करते समय!

# समानता, विविधता और उत्पीड़न का प्रतिबंध

एअर लिक्वीड (Air Liquide) विशिष्ट जाति, लिंग, उम्र, असमर्थता या लैंगिक रूझान के बावजूद कैरियर विकास के लिए विविधता और समान अवसर को बढ़ावा देता है। तथा उत्पीड़न या भेदभाव को सहन नहीं करती।

## मुझे क्या जानने की आवश्यकता है?

- एअर लिक्वीड (Air Liquide) प्रत्येक कर्मचारी को आगे बढ़ने के लिए और अपने अधिकतम प्रतिभा का उपयोग करने का समान अवसर प्रदान करती है।
- एअर लिक्वीड (Air Liquide) विकलांग व्यक्ति के लिए सर्वसमावेशी वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है।
- एअर लिक्वीड (Air Liquide) डराने-धमकाने, लैंगिक उत्पीड़न, हिंसा या कामकाज़ की जगह पर डर पैदा करने वाले कोई काम, इन सभी उत्पीड़नों से मुक्त कार्यस्थली को सहायता और बढ़ावा देती है।

## मुझसे क्या करना अपेक्षित हैं?


- मैं भर्ती का उम्मीदवार तथा पर्यवेक्षक कर्मचारी दोनों का उनके कौशल और प्रदर्शन से सीधे जुड़े हुए योग्यता और काम के आधार पर मूल्यांकन करती/करता हैं।
- मैं उनसे आदर सम्मान से बर्ताव करती/करता हूँ, जिनसे मेरे व्यावसायिक संबंध हैं और आक्रमक, भयभीत करने वाले पक्षपाती कामों में नहीं लगती/लगता हूँ।
- मैं एक ऐसे समावेशी वातावरण बनाने में सक्रिय भूमिका निभाती/निभाता हूं जिसमें विभिन्न पार्श्वभूमि एवं दृष्टिकोणों को ध्यान में रखा जाता है तथा उन्हें महत्व दिया जाता है।

## आगे जाना चाहते है?

अपने प्रबंधक और /या मानव अधिकार विभाग से संपर्क करें ।


# व्यवहार में

## ऐसी स्थिति में...



आपके विभाग में एक नया सहकर्मी जुड़ा है। आपने उसका स्वागत करने का प्रयास किया। परंतु लगता है उसने इसका ग़लत अर्थ निकाला। वह आपसे बाहर घूमने/मिलने की बात कर रहा/रही है और लज्जास्पद टिप्पणियाँ कर रहा/रही है। उसे विनम्रता से बताने के बावजूद, कि आपको इसमें रूचि नहीं है, वह ज़िद कर रहा/रही है। अब आपको उसकी उपस्तिथि में कष्टप्रद लग रहा है।

## आपको क्या करना चाहिए?



क्योंकि, आपके सहकर्मी का आचरण उत्पीड़न माना जा सकता है और आपने उसे रूकने के लिए कहा, अब आपको इस मामले को प्रबंधक या मानव संसाधन विभाग के पास सौंपना चाहिए। वैकल्पिक रूप सेआप व्हिसलब्लोअर (मुखबिर) के माध्यम से नैतिकत चेतावनी दर्ज़ कर सकते हैं।एअर लिक्वीड (Air Liquide) यह सुनिश्चत करेगी कि आप घटना की रिपोर्ट करने से उत्पन्न होनेवाले किसी प्रतिकूल परिणाम से सुरक्षित रहेंगे।

## अस्वीकार्य आचरण के उदाहरण

- कुछ सहकर्मियों को सार्वजनिक कार्यक्रमों से बाहर रखा जाता है, क्योंकि वे अलग सांस्कृतिक पार्श्वभूमि से आते हैं।
- कोई एक सहकर्मी जाति, धर्म या संस्कृति के संबंध में अपने सहकर्मियों के साथ अनुचित मज़ाक करता रहता है।
- प्रबंधक बर्खास्तगी से काम करता है और अपनी टीम के सदस्यों को अपमानित करता है।

# संपत्ति की सुरक्षा

*(शारीरिक संपत्ति तथा बौद्धिक संपत्ति)*

एक नवीनता उन्मुख कंपनी के रूप में, एअर लिक्वीड (Air Liquide) की संपत्ति में न केवल भौतिक पूंजी, अपितु प्रौद्योगिकियां, आविष्कार एवं जानकारी भी सम्मिलित है। हमारी संपत्ति का उपयोग सर्वोच्च सावधानी के साथ और केवल व्यवसाय से जुड़े उद्दोश्यो के लिए ही प्रयुक्त होना चाहिए।

## मुझे क्या जानने की आवश्यकता है?

- एअर लिक्वीड (Air Liquide) ग्रुप में विकसित नवप्रवर्तन को (जैसे पेटंट और ट्रेड मार्कस) अन्य लोगों द्वारा अनुचित तरिके से प्रयुक्त होने पर प्रतिबंधित करने के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा करती है।
- कंपनी की संपत्ति को क्षति पहूँचाना, चुराना या अपव्यय करना साथ ही बौद्धिक अधिकारों का उल्लंघन का कंपनी का प्रक्रिया संबंधी और आर्थिक प्रदर्शन और कंपनी की प्रतिष्ठा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## मुझसे क्या करना अपेक्षित हैं?


- मैं किसी भी क्षति, परिवर्तन, धोखाधड़ी, हानि या चोरी के विरूद्ध एअर लिक्वीड (Air Liquide) की संपत्ति और संसाधनों की रक्षा करती/करता हूँ।
- मैं कंपनी की संपत्ति और संसाधनों के साथ किए हुए नवप्रवर्तन या आविष्कार अपने कर्मचारियों पर प्रकट करता हूँ।
- मैं तीसरे/अन्य पक्ष की संपत्ति और अधिकारों का सम्मान करती/करता हूँ.
- मैं एअर लिक्वीड (Air Liquide) की संपत्ति और संसाधन का केवल न्यायिक व्यावसायिक उद्देश्य के लिए ग्रुप के वास्तविक नीतियों द्वारा बनाए ढाँचे के लिए उपयोग करती/करता हूँ।

### आगे जाना चाहते है?

अपने प्रबंधक से, अपने स्थानीय या हब (Hub) सुरक्षा अधिकारी, बौद्धिक संपत्ति इंट्रानेट देखें।

# व्यवहार में


## ऐसी स्थिति में...




स्टार्ट-अप/नया उद्यम आपसे संपर्क करता है और नवीनतम तकनीकि समाधान पर चर्चा करने का प्रस्ताव रखता है, जिससे वे भविष्य के सहयोग के लिए प्रस्तावित करना चाहते है।

एअर लिक्वीड (Air Liquide) समान अनुसंधान और सुधार परियोजना (R&D Projects) पर काम करती आ रही है!

## आपको क्या करना चाहिए?




तीसरे/अन्य पक्ष से चर्चा से पहले बौद्धिक संपत्ति के भविष्य के मतभेद टालने के लिए आपको जाँचना होगा कि हमारी जानकारी सुरक्षित है साथ ही यह भी कि उनकी भी सुरक्षित है।

बौद्धिक संपदा विभाग की सहायता से किसी भी प्रकार की संवेदनशील जानकारी (जैसे गोपनीयता समझौता) के आदन-प्रदान से पहले उचित संविदात्मक प्रारूप की सुनिश्चिति करें ।

## संपत्ति संरक्षण के उदाहरण

- तकनीकी आविष्कार, गोपनीय जानकारी और औद्योगिक प्रारूप (आरेखण, उत्पाद का ठोस रूप रंग आदि)
- ट्रेडमार्कस, नाम और प्रतीक चिन्ह (लोगो), जिसके द्वारा हम व्यापर करते हैं।
- प्रक्रिया की कार्यस्थली, अतिरिक्त पूर्जे, चिकित्सा उपकरण, सिलिंडर्स, ट्रक्स एवं कार्यालय।

# गोपनीयता

हमारी कंपनी और हमारे भागीदारों की जानकारी अधिक से अधिक डिजिटल वातावरण में, हम सबकी ज़िम्मेदारी और सर्तकता पर निर्भर करती है।

## मुझे क्या जानने की आवश्यकता है?

- गोपनीय जानकारी वह है, जो सार्वजनिक नहीं है, जो हमारी गतिविधियों से और/ या हमारे व्यावसायिक भागीदारों से संबधित जानकारी है।
- एअर लिक्वीड (Air Liquide) आंतरिक प्रक्रियाओं के अनुपालन में ग्रुप उसके ग्राहकों और अन्य किसी व्यावसायिक भागीदारों से संबंधित गोपनीय जानकारी की सुरक्षा के लिए प्रासंगिक उपाय करती है तथा अपने कर्मचारियों से अपेक्षा करती है।
- डिजिटल सुरक्षा के लिए आचार संहिता, डिजिटल जानकारी संभालने के लिए उपाय और लागू नियमों का विवरण प्रदान करती ह

## मुझसे क्या करना अपेक्षित हैं?


- मैं गोपनीय असार्वजनिक डेटा और कूटनीतिके दस्तावेज, आर्थिक,तकनीकी या व्यावसायिक प्रकृति का संरक्षण करती/करता हूँ।
- मैं गोपनीय जानकारी केवल जानने की आवश्यकता के आधार पर प्रकट करती/करता हूँ।
- मैं चाहती/चाहता हूँ कि, व्यावसायिक भागीदार एअर लिक्वीड (Air Liquide) द्वारा दी गई जानकारी को विशेष रूप से गोपनीयता समझौते में दर्ज करके गोपनीय रखें। इसी तरह मैं भी किसी ग्राहक या अन्य व्यावसायिक भागीदार से की गई गोपनीयता पर कियी भी संविदात्मक प्रतिबद्धता का सख्ती से पालन करती/करता हू।
- मैं समझता/ समझती हूँ कि गोपनीयता को बनाए रखने की मेरी बाध्यता एअर लिक्वीड (Air Liquide) छोड़ने के बाद भी बनी रहती है।

## आगे जाना चाहते है?

अपने प्रबंधक से या विधि या बौद्धिक संपत्ति विभाग से संपर्क करें और डिजिटल सुरक्षा इंट्रानेट देखें।

# व्यवहार में


## ऐसी स्थिति में...



आप अपने सहकर्मियों के साथ नियमित रूप से ट्रेन या विमान यात्रा करते है।

आप हमेशा सार्वजनिक यातायात में खर्च होने वाला समय काम या आने वाली मिटींग की तैयारी में लगाना चाहते है। आप महसूस करते हैं कि जिज्ञासू कान आपकी बातचीत सुन रहं हैं ।

## आपको क्या करना चाहिए?



अपनी कार्यस्थली या दफ़्तर से दूर काम करते समय आपको गोपनीय जानकारी लीक होने से बचाने पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

आपको सार्वजनिक जगह पर गोपनीय मामलो पर काम नहीं करना चाहिए। व्यक्तियों के कंपनी के नाम नहीं लेने चाहिए (जैसे ग्रुप, ग्राहक या व्यावसायिक भागीदार) आपको अपने लैपटॉप पर गोपनीय स्क्रीन का उपयोग करना चाहिए।

## निषिद्ध आचरण के उदाहरण

- मेरे पासवर्ड को सुरक्षित न करना या दूसरों को (टीम के सदस्य, सहकर्मी) देना।
- पर्याप्त सुरक्षा के बिना संवेदनशील डेटा संभालना।(जैसे कूटलेखन, सुरक्षित ई-मेल का उपयोग, स्वीकृत आभासी निजी संजाल वी.पी.एन.)
- गोपनीय जानकारी ले जाना या कॉपी करना विशेषकरजब मेरा रोजगार समझौता समाप्त हो।

# डेटा की गोपनीयता

प्रत्येक व्यक्ति का गोपनीयता अधिकार एअर लिक्वीड (Air Liquide) की महत्त्वपूर्ण चिंता है। हम कर्मचारियों, व्यावसायिक भागीदारों, पेशंट का या अन्य किसी व्यक्ति का व्यक्तिगत डेटा संभालने, उन्हें सुरक्षा देते समय आवश्यक उपाय करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## मुझे क्या जानने की आवश्यकता है?

- व्यक्तिगत डेटा वह है, जो परोक्ष या अपरोक्ष रूप से (जब अन्य डेटा से जोड़ा जाता है) व्यक्ति का पहचान बन जाता है ।
- एअर लिक्वीड (Air Liquide) लागू क़ानूनों और विनिमयों के अनुसार व्यक्तिगत डेटा (जैसे एकत्र करना, संग्रहीत करना, प्रदर्शित करना और हटाना) को सख्ती से संसाधित करती है।
- व्यक्तिगत डेटा विशिष्ट उद्देश्य के लिए संकलित किया जाना चाहिए, केवल उन लोगों क साथ साँझा किया जाना चाहिए, जिनको इसे वैध रुप से यहाँ तक पहुँचने और सुरक्षित रूप से संग्रहीत करने की आवश्यकता है।

## मुझसे क्या करना अपेक्षित हैं?


- मैं सुनिश्चित करती/करता हूँ कि मैं व्यक्तिगत डेटा लागू क़ानून और हमारी आंतरिक प्रक्रिया के अंतर्गत आवश्यक रूप से संभालती/संभालता हूँ। विशेष रूप से एअर लिक्वीड (Air Liquide) ये प्रकट करने से पहले ।
- मैं किसी तरह के व्यक्तिगत डेटा लीक होना तत्काल अपने प्रबंधक या जानकारी संरक्षण संयोजक (आय.पी.सी.) प्रबंधक को रिपोर्ट करती/करता हूँ।

### आगे जाना चाहते है?

अपने जानकारी सुरक्षा संवाददाता (आय.पी.सी.) या विधि विभाग से संपर्क करें और डिजिटल सुरक्षा इंट्रांनेट देखें।

# व्यवहार में

## ऐसी स्थिति में...



व्यावसायिक भागीदार अपने उत्पाद का नमूना आपके सहकर्मी को देने के लिए उसका निजी पता पूछते हैं।

आप सोचते हैं उनको यह विचार पसंद आएगा, पर आपको संदेह होता कि यह जानकारी साँझा कर सकते हैं ।

## आपको क्या करना चाहिए?



कर्मचारियों के नाम, पता व्यक्तिगत डेटा से बनते है, जो स्थआनीय क़ानून पर निर्भर करता है। जिसे आपको केवल कुछ स्थितियों में साँझा करने की अनुमति दी जाती है।

ऐसी जानकारी साँझा करने से पहले आपको विधि विभाग से और/या अपने जानकारी सुरक्षा संयोजक (आयपीसी) से जाँचना चाहिए की, क्या आप ऐसा कुछ कर सकते हैं? क्या आपको इसकी अनुमति हैं? अगर हां, तो आगे कैसे जाना है?

## निषिद्ध आचरण के उदाहरण

- व्यक्तिगत डेटा आवश्यकता और अनुमति से अधिक समय तक रोके रखना।
- पेशंट के स्वास्थ और चिकित्सा उपचार की जानकारी प्रकट करना।

# बाह्य संपर्क और सोशल मीडिया

एअर लिक्वीड (Air Liquide) अपने सभी हिस्सेधारकों से स्पष्ट और विश्वसनीय संवाद के लिए प्रतिबद्ध है। बाहरी संवाद और सोशल मीडिया को संभालते समय सावधानी से तथा व्यावसायिक आचरण के माध्यम से ग्रुप की प्रतिष्ठा की सुरक्षा और प्रचार में योगदान देना चाहिए।

## मुझे क्या जानने की आवश्यकता है?

- एअर लिक्वीड (Air Liquide) मीडिया व्यापार, हिस्सेदार, पूंजी बाजार सहित सभी भागदारो को दी गई जानाकरी की गुणवत्ता एवं सत्यता सुनिश्चित करने के लिए बड़ी सावधानी बरतती है।
- सभी कर्मचारी कंपनी की प्रतिष्ठा और छवि के लिए सामूहिक ज़िम्मेदारी साँझा करते हैं।

## मुझसे क्या करना अपेक्षित हैं?


- यदि मुझे कंपनी द्वारा विशेष रूप से प्रश्नों के उत्तर देने का या वचन देने का अधिकार नही दिया, तो मैं एअर लिक्वीड (Air Liquide) की ओर से ऐसा कुछ नहीं करती/ करता। यदि मीडिया मुझसे संपर्क करता है, तो मैं इसे अपने प्रबंधक के पास भेजती / भेजता हूँ, जो संबधित संवाद विभाग के साथ मामले की समीक्षा करेगा ।
- मुझे अपनी नौकरी ग्रुप या मेरे काम के वातावरण के संबंध में ऑनलाईन प्रचार या सार्वजनिक संवाद के किसी भी रूप के माध्यम से व्यक्तिगत सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सामान्य ज्ञान तथा व्यावसायिकता के साथ काम करना चाहिए।
- यदि मैं चाहूँ तो अपने निजी सोशल मीडिया अकाऊंट पर एअर लिक्वीड (Air Liquide) के काम संबंधी संवाद को साँझा कर सकती/सकता हूँ ।(प्रेस विज्ञप्ति, Air Liquide.com वेबलेख, एअर लिक्वीड (Air Liquide) के आधिकारीक सोशल मीडिया पोस्ट, नौकरी के प्रस्ताव)
- यदि मुझे अपने काम से संबंधित किसी वषय पर बाहरी रूप से बालने के लिए आमंत्रित किया जात है, तो मुझे पहले अपने प्रबंधक से परामर्श करना चाहिए, जो बंधित संवाद विभाग के साथ मामले की समीक्षा कर सकता है।

## आगे जाना चाहते है?

अपने प्रबंधक या संपर्क विभाग से संपर्क करें. और
एअर लिक्वीड (Air Liquide) कर्मचारीयों द्वारा सार्वजनिक सोशल मीडिया देखें।

# व्यवहार में

## ऐसी स्थिति में...



एअर लिक्वीड (Air Liquide) औद्योगिक स्थल पर एक घटना हुई ।आप सोशल मीडिया पर लोगों की अनेक टिप्पणियां देखते हैं। कुछ टिप्पणियाँ अशुद्ध दिखआई देती हैं और आपको लगताहै कि वे एअर लिक्वीड (Air Liquide)की प्रतिष्ठो नुकसान पहुँचा सकती हैं।

आप अपनी टिप्पणी भेजकर बात क स्पष्ट करना चाहते हैं

## आपको क्या करना चाहिए?



च्यूँकि आपको कंपनी की ओर से बोलने का कोई अधिकार नहीं है, अतः आपको कोई टिप्पणी भेजने से रोकना चाहिए।

तथापि, आपको संवाद विभाग को विषय को सौपना चाहिए, ताकि वे यदि आवश्यक हो तो, उचित प्रतिक्रिया तैयार कर सकते हैं।

## निषिद्ध आचरण के उदाहरण

- सोशल मीडिया पर संवेदनशील जानकारी साझा करना (चाहे किसी परियोजना, ग्राहक या ग्रुप से संबंधित हो)।
- बाहरी कंसल्टिंग फर्म को प्रश्नावली या चुनाव के उत्तरों के माध्यम से संवेदनशील जानकारी का खुलासा करना।



# 2

# अखंडता तथा पारदर्शिता से काम करना

**हितों का टकराव** ........ **पी. 26**

**भ्रष्टाचार और प्रभाव का प्रचार** ........ **पी. 28**

**बिचौलिएं** ........ **पी. 30**

**उपहार तथा आतिथ्य** ........ **पी. 32**

**उचित प्रतिस्पर्धा** ........ **पी. 34**

**जानकारी की पारदर्शिता और अखंडता** ........ **पी. 36**

**अन्य संवेदनशील संचलन** ........ **पी. 38**

*राजनीतिक योगदान* ........ *पी. 38*

*सुविधा भुगतान /*
*व्यक्तिगत सुरक्षा भुगतान* ........ *पी. 39*

*लॉबिंग / सार्वजनिक मामलें* ........ *पी. 40*

*धर्मार्थ दान* ........ *पी. 41*

*आंतरिक व्यापार* ........ *पी. 42*

*अंतर्राष्ट्रीय व्यापार तथा मनी लॉंड्रिंग,* ........ *पी. 43*

# हितों का टकराव

एअर लिक्वीड (Air Liquide) अपने कर्मचारियों के निजी हितों एवं निजी जीवन का सम्मान करता है। तथापि, एअर लिक्वीड (Air Liquide) हितों और किसी के व्यक्तिगत हितों के बीच टकराव से बचना और किसी भी प्रतिबद्धता या संबंध की रिपोर्ट करना महत्वपूर्ण है, जो संभावित रुप से ऐसा संघर्ष पैदा कर सकता है।

## मुझे क्या जानने की आवश्यकता है?

- हितों में भिन्नता तब उत्पन्न होती है, जब कोई व्यक्तिगत हित ग्रुप हितों में हस्तक्षेप करता है जो किसी के निर्णय को प्रभावित करता है (जैसे उस कंपनी को संविदा देना जहाँ कर्मचारी भागधारक है।)
- हितों का अज्ञात टकराव पक्षपात का आभास दे सकता है और इस तरह ग्रुप की प्रतिष्ठा एवं व्यावसायिक हितों को नुकसान पहुँचा सकता है।

## मुझसे क्या करना अपेक्षित हैं?


- मैं ऐसी परिस्थितियों को जहाँ मेरे व्यक्तिगत तथा व्यावसायिक जीवन में संभाव्य हितों का टकराव या ऐसे टकराव का आभास होता है, टालता हूँ।
- मैं आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों अथवा प्रतिस्पर्धकों के साथ काम करना या परामर्श करना भले ही निःशुल्क हो तो भी स्वीकार नहीं करती/करता।
- मैं अविलंब अपने प्रबंधक से विदयमान या संभावित टकराओं का खुलासा करती/ करता हूँ और ग्रुप तथा संबधित तीसरे पक्ष के बीच संबंधों में किसी तरह की भागीदारी को टालती/टालता हूँ।

### आगे जाना चाहते है?

अपने प्रबंधक या नैतिकता संवाददाता से संपर्क करें।

# व्यवहार में


## ऐसी स्थिति में...



विशिष्ट योग्यताओं के साथ नौकरी का प्रस्ताव भेजा जाता है। आप भर्ती के प्रभारी प्रबंधक हैं और आवेदकों में से एक आपका रिश्तेदार है।

आपको लगता है उम्मीदवारों का चयन करते समय आप वस्तुनिष्ठ हो सकते हैं और अपने निजी संबंधों से प्रभावित हुए बिना चुनाव कर सकते हैं।

## आपको क्या करना चाहिए?



आपको अपने प्रबंधक या मानव संसाधक प्रबंधक को बताना चाहिए कि आप उम्मीदवार के रिश्तेदार हैं और यह सुनिशचित करने के लिए सभी उम्मीदवारों के साथ यथोचित एवं निष्पक्ष व्यवहार किया जाए, चयन प्रक्रिया से खुद को हटा दें।

इस निर्णय में शामिल होना पक्षपात हो सकता है और ग्रुप की प्रतिष्ठा को भी नकारात्मक रूप में प्रभावित कर सकता है.

## हितों के संभावित टकराव के उदाहरण

- व्यक्तिगत उपयोग के लिए किसी भी एयर लिक्विड संपत्ति या संसाधनों का उपयोग करना
- एअर लिक्वीड (Air Liquide) के तीसरे पक्ष के व्यापार के लेन-देन में शामिल होना, जिसमें आपका या आपके रिश्तेदारों का निजी हित है। (वित्तीय या अन्यथा)

# भ्रष्टाचार और प्रभाव का प्रचार

हमारी ईमानदारी और सच्चाई में हमारे व्यावसायिक भागीदार तथा अन्य सभी हित धारकों का विश्वास एक प्राथमिकता है ।
हम किसी प्रकार के भ्रष्टाचार, प्रभाव को बढ़ावा और अधिकारीक ईमानदारी के उल्लंघन के लिए शून्य सहनशीलता रखते हैं।

## मुझे क्या जानने की आवश्यकता है?

- भ्रष्टाचार तब होता है, जब कोई व्यक्ति अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए परोक्ष या अपरोक्ष रूप से किसी सार्वजनिक अधिकारी या निजी व्यक्ति को मूल्यवान वस्तु का भुगतान करने, वादा करने अधिकृत करने का प्रस्ताव करता है।
- भ्रष्टाचार में प्रभाव को बढ़ावा वहाँ शामिल होता है, जहाँ किसी व्यक्ति से वादा किया जाता है अथवा एक सार्वजनिक अधिकारी को अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए प्रभावित करने का मूल्य प्राप्त करता है।
- «मूल्य» की संकल्पना को व्यापक रूप से समझा जाना चाहिए. विशेष रूप से नकद, उपहार, यात्रा, राजनीतिक योगदान धर्मार्थ दान, व्यावसायिक दान, व्यावसायिक लाभ, रोजगार के प्रस्ताव और भी बहुत कुछ सम्मिलित हैं।
- «सार्वजनिक अधिकारी» एक व्यापक परिकल्पना है, जिसमें उदाहरण के लिए जनसेवक, निर्वाचित सरकारी अधिकारियों के साथ सरकारी मालिकाना कंपनियों या अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के कर्मचारी सम्मिलित हैं।
- कंपनियों की तरह व्यक्तियों को भी भ्रष्टाचार विरोधी क़ानूनों के उल्लंघन के मामले में सख्य नागरिक और /या आपराधिक प्रतिबंधों के अधीन किया जा सकता है।

## मुझसे क्या करना अपेक्षित हैं?


- मैं भ्रष्टाचार की रोकथाम से संबंधित अनिवार्य प्रशिक्षण का पालन करती/करता हूँ।
- मैं व्यावसायिक संबंधों में ईमानदारी से काम करती/करता हूँ और यह सुनिश्चित करती/करता हूँ कि आवश्यकता पड़ने पर सम्यक तत्परता बरती जाए। सभी लेन-देन न्यायोचित हो, उचित रूप से प्रलेखित हो तथा विधिवत स्वीकृत हो।
- मैं सतर्क रहता हूँ किसी लाल झंडी या संदिग्घ लेन-देन को नज़र अंदाज नहीं करती/करता हूँ, या व्हिसलब्लोईंग प्रणाली का उपयोग करती/करता हूँ।

## आगे जाना चाहते है?

अपने प्रबंधक से, अपने नैतिकता संवाददाता या विधि विभाग से संपर्क करें और भ्रष्टाचार की रोकथाम पर नैतिकता इंट्रानेट संसाधन का उपयोग करें

# व्यवहार में


## ऐसी स्थिति में...



आप एक सार्वजनिक प्राधिकरण के साथ दीर्घकालिक अनुबंध का नवीनीकरण करने की प्रक्रिया मे हैं।

हालही में एक सेवानिवृत्त सार्वजनिक अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए अपने संपर्कों का उपयोग करने का प्रस्ताव देता है कि, प्राधिकरण एक कमीशन के बदले सबसे अनुकूल परिस्थितियों में अनुबंध को नवीनीकृत करता है।

## आपको क्या करना चाहिए?



आपको विनम्रता से अस्वीकार करना चाहिए; तत्काल अपने प्रबंधक और विधि / अनुपालक अंतर्गत संसाधनों से संपर्क करना चाहिए।

वास्तव मे यह प्रस्ताव हमारी भ्रष्टाचार विरोधी नीतियों के विपरीत है। एअर लिक्वीड (Air Liquide) के इस तरह के प्रस्तावों को अस्वीकार करने पर कोई संदेह नहीं होना चाहिए।

## निषिद्ध आचरण के उदाहरण

- ऑपरेटिंग परमिट प्राप्त करने के लिए एक सरकारी अधिकरी को भुगतान करना।
- जारी निविदा के संबंध में विशेषाधिकार जानकारी प्राप्त करने के लिए संभावित ग्राहक को अनुचित लाभ प्रदान करना।
- सार्वजनिक समझौता पुरस्कार में अपने प्रभाव के बदले बोर्ड में सीट देने का वादा करना।
- नए तीसरे पक्ष के साथ समझौता करना या उचित सत्यापन के बिना अधिग्रहण परियोजना पर काम करना।

# बिचौलिएं

> कुछ प्रकार के बिचौलियों (परामर्शदाता, सलाहकार, बिक्री एजेंट, वितरक, आदि) में भ्रष्टाचार का एक महत्वपूर्ण जोखिम होता है और इसलिए इसका उपयोग केवल तभी किया जाना चाहिए जब अत्यंत आवश्यक हो। व्यावसायिक संबंधों से पहले और उसके दौरान सावधानियां बरतनी होंगी

## मुझे क्या जानने की आवश्यकता है?

- बिचौलियों के माध्यम से परोक्ष रूप से की गई रिश्वत का परिणाम एअर लिक्वीड (Air Liquide) और उसके कर्मचारियों के लिए समान कानूनी जोखिम हो सकता है जैसे कि वे सीधे किए गए थे।
- एअर लिक्वीड (Air Liquide), उसके निदेशकों और उसके कर्मचारियों को रिश्वत या उनके बिचौलियों द्वारा किए गए अन्य भुगतानों के लिए उत्तरदायी ठहराया जा सकता है, भले ही वे भुगतान कंपनी द्वारा स्वीकृत या ज्ञात न हों।
- एअर लिक्वीड (Air Liquide) ने ऐसे जोखिमों को कम करने के लिए बिचौलियों के चयन और उपयोग पर प्रक्रियाएं जारी की हैं।

## मुझसे क्या करना अपेक्षित हैं?


- मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि एक मध्यस्थ की वैध आवश्यकता है और कोई भी आंतरिक संसाधन समान परिणाम प्राप्त नहीं कर सकता है।
- मैं एक व्यावसायिक संबंध में प्रवेश करने या उसे नवीनीकृत करने से पहले बिचौलियों (उनके शेयरधारकों सहित) की प्रतिष्ठित पार्श्वभूमि और योग्यताओं पर पूरी तरह से उचित परिश्रम करता हूं
- मैं सुनिश्चित करता हूं कि एअर लिक्वीड (Air Liquide) और मध्यस्थ के बीच अनुबंध किसी भी भ्रष्ट व्यवहार को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित करता है और भुगतान की गई फीस प्रदान की गई सेवाओं के अनुरूप है

### आगे जाना चाहते है?

अपने प्रबंधक, नैतिकता संवाददाता से संपर्क करें और विधि विभाग और चयन पर प्रक्रिया तथा बिचौलियों का उपयोग देखें।

# व्यवहार में


## ऐसी स्थिति में...



एअर लिक्वीड (Air Liquide) एक नए देश में एक बड़ी परियोजना के लिए एक निविदा में भाग ले रहा है।

एक मध्यस्थ यह दावा करते हुए समर्थन प्रदान करता है कि वह यह सुनिश्चित कर सकता है कि एअर लिक्वीड (Air Liquide) निविदा जीत जाए, यह संकेत देते हुए कि उसे उचित निर्णय निर्माताओं को कमीशन का भुगतान करने की आवश्यकता हो सकती है।

## आपको क्या करना चाहिए?



आपको प्रस्ताव को अस्वीकार कर देना चाहिए और संबंध समाप्त कर देना चाहिए क्योंकि यह प्रस्ताव एअर लिक्वीड (Air Liquide) की नीति के विपरीत है।

आगे की कार्रवाई के लिए घटना की सूचना प्रबंधन, कानूनी विभाग और नैतिकता संवाददाता को दी जानी चाहिए

## संभावित खतरे से सावधान रहने की परिस्थिति

- सेवा प्रदान की गई है और विस्तृत दस्तावेज गतिविधि के प्रमाण के बिना चालानों को स्वीकार न करें।
- कभी भी बिचौलियों से ऐसा कुछ करने के लिए न कहें जो आप स्वयं नहीं करेंगे
- कभी भी एअर लिक्वीड (Air Liquide) की ओर से मध्यस्थ द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी / दान को अधिकृत न करें

# उपहार तथा आतिथ्य

उचित मूल्य के उपहार और आतिथ्य की पेशकश या प्राप्ति व्यावसायिक जीवन का एक सामान्य हिस्सा है। हालांकि, अगर उन्हें अनुचित लाभ प्राप्त करने के इरादे से पेश या प्राप्त किया जाता है, तो यह भ्रष्टाचार का गठन करता है।

## मुझे क्या जानने की आवश्यकता है?

